# जन जागरण समिति – पामगढ

## जिला – जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

## वार्षिक रिर्पोट

**मार्च 2014 से अप्रैल 2015**

---





पता – कार्यालय

जन जागरण समिति

पोस्ट आफिस के सामने तहसील के पास – पामगढ़

जिला – जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पिन – 495554

संपर्क नंबर – 9907125833 , 7869836444

email – jan.jagaransociety@gmail.com

संस्था के बारे में:–

जन जागरण समिति पंजीकृत संस्था है जिसका पंजीयन छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्री अधिनियम 1973 (सन् 1973 का क्रमांक 44) के अधिन 3.3.2008 को पंजीकृत की गई है। जिसका पंजीयम क्र. वि.स.7906 है। यह संस्था जांजगीर–चाम्पा जिला में सक्रिय रूप स कार्य कर रही है। संस्था विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं दलितों के मुद्दों पर कार्य कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पर्यावरण पालयन, मनरेगा आदि मुद्दों पर लगातार काम कर रही है।

गतिविधियों:–

1. <u>फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण</u>: पामगढ़ विकासखण्ड के 25 ग्राम से 25 महिला समूहों को फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में 250 महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से यह सिखाया गया कि जो भी मौसमी फल हमारे गांव में पैदावार होता है उसका उपयोग करने के बाद जो फल बचता है। उसका हम जेली, जेम और आचार बनाकर लंबे समय तक उपयोग में ला सकते है। साथ ही उसको व्यवसायिक रूप देकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित किया जा सकता है।
2. <u>आंगनबाड़ी योजना पर जागरूकता शिविर:</u> पामगढ़ विकासखण्ड के 40 गांव में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलने वाले लाभ तथा आंगनबाड़ी संचालन के उद्देश्य की जानकरी हेतु शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया गया।



3. <u>मध्याह्न भोजनः</u> यह संस्था पामगढ़ विकासखण्ड के 40 गांव में मध्याह्न भोजन योजना के बारे में शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया। मध्याह्न भोजन संचालन के बारे में विस्तार से बताया गया।



4. <u>मनरेगाः</u> 40 गांव में मनरेगा अधिनियम का प्रचार–प्रसार किया गया। इन गांवों में लोगों के जॉबकार्ड बनाने में सहायाता किया गया। मनरेगा कार्य मांग हेतु आवेदन कराया गया।
5. <u>ग्राम निरानी समिति का गठन्नः</u> संस्था द्वारा पामगढ़ वि.ख. के 40 गांव में ग्राम निगरानी समिति का गठन किया गया, जिसमें प्रत्येक समिति में 15 महिलायें एवं 15 पुरूष सदस्य है। जिसके माध्यम से गांव के लोगों को विभिन्न प्रकार के सरकारी योजनाओं की जानकारी देते है तथा सरकारी योजनाओं की निगरानी इन्ही ग्राम निगरानी समितियों के द्वारा किया जाता है।
6. <u>ग्राम निरानी समिति के सदस्यों का प्रशिक्षणः</u> संस्था द्वारा 40 गांव में गठित ग्राम निगरानी समिति के सदस्यों को मनरेगा, आंगनबड़ी, मध्याह्न भोजन, राशन दुकान, जननी सुरक्षा योजना, स्मार्ट कार्ड योजना आदि योजनाओं के बारे में प्रत्येक निगरानी समितियों को दो दिवसीय आवसीय प्रशिक्षण पदान किया गया। जिसमें योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया।

7. <u>खेल–कूद प्रतियोगिताः</u> संस्था द्वारा 15 गांव के स्कूल परिसर में स्कूली बच्चों के लिए खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को शरीरिक एवं मानसिक स्थिति का अनुभव कराना तथा बच्चों को बाल अधिकार एवं शिक्षा के अधिकार, स्वच्छता तथा मध्याह्न भोजन में मिनू  का जानकारी देना।
8. <u>बाल क्लॅब का गठनः</u>  संस्था द्वारा 15 गांव में बाल क्लॅब का गठन किया गया। इसका उद्देश्य क्लॅब के बच्चों को बाल अधिकार के बारे में जागरूक करना तथा इन बच्चों के माध्यम से ग्राम विकास एवं बच्चों के विकास के लिए ग्राम पंचायत में योजना बनवाना है।
9. <u>रंगोली प्रतियोगिताः</u> संस्था द्वारा पामगढ़ वि.ख. के 15 ग्राम में स्कूली बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों तक पहुंच बनाना तथा बच्चों को बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वच्छता के बारे में जानकारी देना तथा बच्चों के अभिव्यक्ति को समाज के समाने लाना है।



10. <u>श्रीविधि खेती का प्रशिक्षणः</u> संस्था द्वारा 20 ग्राम के 400 किसानों को SRI श्रीविधि खेती का प्रशिक्षण दिया गया। 20 गांव के 135 किसानों को संस्था के देख–रेख में श्रीविधि खेती कराया गया। इन 135 किसानों को जैविक खाद् एवं विडर मशीन संस्था के द्वारा निःशुल्क प्रदाय किया गया। इसका उद्देश्य कम लागत में अधिक पैदावार जैविक खाद् का उपयोग तथा देशी बीज को संरक्षित करना है।



11. <u>कम्पोस्ट खाद् बनाने का प्रशिक्षणः</u> संस्था द्वारा 20 ग्राम के 400 किसानों को कम्पोस्ट खाद् बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को एक गांव में 1 किलो केंचुआ और एक प्लॉस्टिक का डॅब निःशुल्क प्रदान कर सामूहिक रूप से खाद् बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य रासायनिक खाद् के उपयोग से जमीन को हो रहे नुकसान एवं खेती में अधिक लागत से किसनों को राहत पहुचाना है।




12. <u>किसान मेला का आयोजनः</u> पामगढ़ वि.ख. के 3 बड़े ग्राम ससहा, पामगढ़ एवं सिल्ली में किसान मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में आस–पास के हजारों किसानों ने भाग लिया। इस मेला का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती कं बारे में जानकारी देना, सब्जी की खेती में जैविक खाद् का उपयोग करना, देशी बीज का उपयोग एवं संरक्षण कराना, बीजोपचार की देशी एवं सरल पद्धति की जानकारी देना है।

13. <u>सम्मेलनः</u>
   - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 11 मार्च 2015 को सद्भावना भवन पामगढ़ में महिला सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



- सत्यापित राशनकार्डों में राशन नहीं दिये जाने के विरोध में एक दिवसीय महिला सम्मेलन दिनांक 27 नवम्बर 2014 को ब्लॉक कालोनी परिसर में किया गया।

14. महापुरूषो की जयंती/पुण्यतिथि कार्यक्रमः
   - 3 जनवरी को सावित्री बाई फूले के जयंती बनाया गया। जो भारत की प्रथम शिक्षिका थी।
   - 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जयंती का कार्यक्रम पामगढ़ के सतनाम भवन में मनाया गया।



- 26 जून को छत्रपति साहू जी महाराज का जयंती कार्यक्रम जांजगीर के शारदा मंगलम सभा हॉल में मनाया गया।
- 6 दिसम्बर को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्य तिथि मनाया गया।



- 18 दिसम्बर को बाबा गुरूघासीदास का जयंती कार्यक्रम मनाया गया।

15. <u>राष्ट्रीय पर्व :</u>

- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम सतनाम भवन प्रांगण में मनाया गया।
- 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया।